INDIAN SCHOOL SOHAR — SET-1

PERIODIC TEST- I(2024-25)

SUBJECT- HINDI

CLASS : VII — MAX MARKS: 20

DATE :20/05/2024 — TIME: 40 MINUTES

सामान्य निर्देश : 1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं – खंड 'क' और खंड 'ख'।

2. कुल प्रश्नों की संख्या सात है।

3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

खंड 'क' (व्याकरण)

प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध वर्तनी रूप लिखिए:- (2)

(क) वीरँगना (ख) बांसूरी

प्रश्न 2. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के शुद्ध वाक्य लिखिए:- (2)

(क) वह मंगलवार के दिन घर आएगा।

(ख) राहुल को केवल पचास रुपए मात्र ही मिले।

प्रश्न 3. 'निकेतन' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द लिखिए:- (1)

खंड 'ख' (साहित्य)

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- (3)

(क) संभ्रांत (ख) बाललीला (ग) आश्रय

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों/मुहावरों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- (2)

(क) सिर धुनना (ख) आकर्षक

प्रश्न 6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प वाले उत्तर लिखिए:- (4)

बहन का स्थान कितने कवियों ने इन नदियों को दिया है। एक दिन मेरी भी ऐसी भावना हुई थी। थो- लिङ् (तिब्बत) की बात है। मन उचट गया था, तबीयत ढ़ीली थी। सतलज के किनारे जाकर बैठ गया। दोपहर का समय था। पैर लटका दिए पानी में। थोड़ी ही देर में उस प्रगतिशील जल ने असर डाला। तन और मन ताज़ा हो गया।

(i) लेखक ने सतलज को क्या माना है?

(क) माँ (ख) बहन

(ग) बेटी (घ) मौसी

P.T.O.

(ii) लेखक किस नदी के किनारे बैठा था?

(क) सतलज (ख) यमुना

(ग) गंगा (घ) रावी

(iii) लेखक कहाँ की बात कर रहा है?

(क) तिब्बत (ख) हिमालय

(ग) नेपाल (घ) भारत

(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:-

कथन(A) - लेखक का तन और मन ताज़ा हो गया।

कारण(R) - प्रगतिशील जल में लेखक ने डुबकी लगाई।

<u>विकल्प</u>

(क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3×2=6)

(क) हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंज़रे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?

(ख) हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है?

(ग) हिमालय से निकलनेवाली नदियों के नाम लिखिए?

(घ) हमारे जीवन में नदियों का क्या महत्त्व है? कोई दो महत्त्व लिखिए।

****